प्रेषक,

सचिव,
माध्यमिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

सेवा में,

1– समस्त मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश।
2– समस्त उप मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश।
3– समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक, उत्तर प्रदेश।

**पत्रांकः मा0शि0प0/परिषद–9/** 1516 **दिनांकः** 23-03-2026

**विषय– शैक्षिक सत्र 2026–27 हेतु निर्धारित शैक्षिक पंचांग के अनुरूप माध्यमिक विद्यालयों में शैक्षणिक एवं पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों को संचालित कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक् शैक्षिक सत्र 2026–27 हेतु निर्धारित शैक्षिक पंचांग संलग्न कर आपको इस आशय के साथ प्रेषित है कि वर्तमान शैक्षिक सत्र में शैक्षिक पंचांग के अनुसार ही माध्यमिक विद्यालयों में शैक्षणिक एवं पाठ्य सहगामी गतिविधियों का सम्यक् संचालन कराने का कष्ट करें। इसके साथ ही शैक्षिक पंचांग के अनुसार ही इसका पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण भी सुनिश्चित किया जाय।

संलग्न–उक्तवत्।

भवदीय,
(भगवती सिंह)
सचिव

**पृ0सं0: मा0शि0प0/परिषद–9/** 1516 (1-6) **दिनांक** 23-03-2026

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, माध्यमिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2. विशेष सचिव, माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–7, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
3. महानिदेशक स्कूल शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4. शिक्षा निदेशक(मा0) एवं सभापति, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
5. अपर शिक्षा निदेशक (माध्यमिक/राजकीय/व्यावसायिक शिक्षा/पचाचार) शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज/लखनऊ।
6. अपर सचिव, मा0शि0प0, क्षे0का0, मेरठ/बरेली/वाराणसी/गोरखपुर एवं प्रयागराज।

23/3/26
(भगवती सिंह)
सचिव

# शैक्षिक सत्र 2026–27 हेतु तिथिवार एकेडमिक कैलेण्डर

| | | |
|---|---|---|
| 1. | सत्र आरम्भ करने की तिथि | 01 अप्रैल, 2026 |
| 2. | कक्षा 9 से 12 तक सत्रारम्भ से जुलाई प्रथम सप्ताह तक पढ़ाए गए पाठ्यक्रम के अनुसार प्रथम यूनिट टेस्ट (बहुविकल्पीय (MCQs) प्रश्नों के आधार पर) का आयोजन | जुलाई, 2026 द्वितीय सप्ताह |
| 3. | कक्षा 9 से 12 तक प्रथम यूनिट टेस्ट के उपरान्त पढ़ाए गए पाठ्यक्रम के अनुसार द्वितीय यूनिट टेस्ट (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) का आयोजन | अगस्त, 2026 अन्तिम सप्ताह |
| 4. | अर्द्धवार्षिक परीक्षा की प्रयोगात्मक परीक्षाओं का आयोजन | सितम्बर, 2026 चतुर्थ सप्ताह |
| 5. | अर्द्धवार्षिक लिखित परीक्षा का आयोजन (सितम्बर माह तक लगभग 60 प्रतिशत पाठ्यक्रम के आधार पर) | अक्टूबर, 2026 के द्वितीय एवं तृतीय सप्ताह |
| 6. | अर्द्धवार्षिक परीक्षा के अंक वेबसाइट पर अपलोड करना | नवम्बर, 2026 प्रथम सप्ताह तक |
| 7. | कक्षा 9 से 12 तक अर्द्धवार्षिक परीक्षा के उपरान्त पढ़ाए गए पाठ्यक्रम के अनुसार तृतीय यूनिट टेस्ट (बहुविकल्पीय (MCQs) प्रश्नों के आधार पर) का आयोजन | नवम्बर, 2026 अन्तिम सप्ताह |
| 8. | कक्षा 9 से 12 तक तृतीय यूनिट टेस्ट के उपरान्त पढ़ाए गए पाठ्यक्रम के अनुसार चतुर्थ यूनिट टेस्ट (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) का आयोजन | दिसम्बर, 2026 अन्तिम सप्ताह |
| 9. | कक्षा–10 एव 12 में पाठ्यक्रम पूर्ण करने की तिथि | 10 जनवरी, 2027 तक |
| 10. | कक्षा–9 एवं 11 में पाठ्यक्रम पूर्ण करने की तिथि | 25 जनवरी, 2027 तक |
| 11. | कक्षा–12 की प्री–बोर्ड प्रयोगात्मक परीक्षाओं का आयोजन | 11 जनवरी, 2027 से |
| 12. | कक्षा–10 एवं 12 की प्री–बोर्ड की लिखित परीक्षाओं का आयोजन | 18 जनवरी, 2027 से |
| 13. | कक्षा–9 एवं 11 की वार्षिक परीक्षाओं का आयोजन | 1 से 10 फरवरी, 2027 |
| 14. | उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन तथा कक्षा–9 एवं 11 की वार्षिक परीक्षाओं के अंक वेबसाइट पर अपलोड करना | मार्च, 2027 के तृतीय सप्ताह तक |
| 15. | बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षाओं का आयोजन | 27 जनवरी 2027 से 10 फरवरी 2027 तक |
| 16. | बोर्ड परीक्षा का आयोजन | फरवरी, 2027 |

## सामान्य निर्देश :–

1. सत्र के प्रारम्भ से ही परिषद का पोर्टल क्रियाशील रहेगा जिस पर कक्षा–9 के विद्यार्थियों का पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) अपलोड किया जा सकता है।
2. विद्यार्थियों के प्रवेश के साथ–साथ पंजीकरण की प्रक्रिया भी प्रारम्भ की जाय तथा उनके विवरण यथा– नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्मतिथि आदि का मिलान विद्यालयी रिकॉर्ड से कर लिया जाय।
3. कक्षा–10 एवं 12 हेतु परीक्षा आवेदन करने से पूर्व विद्यार्थियों के विवरण का विद्यालयी अभिलेखों से मिलान करते हुए अभिभावकों से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने के पश्चात ही आवेदन प्रक्रिया पूर्ण की जाय।

4. **विद्यार्थियों की उपस्थिति के रिकार्ड, सत्र के प्रारम्भ से ही प्रधानाचार्यों/प्रधानाध्यापकों द्वारा ऑनलाइन अपलोड किये जाय।**

5. **वार्षिक परीक्षा हेतु सभी विद्यार्थियों की 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाय।**

6. विद्यालय में शिक्षण के दौरान प्रथम वादन से पूर्व, आरम्भ के 15 मिनट प्रातःकालीन प्रार्थना सभा हेतु निर्धारित होंगे जिसमें प्रार्थना होगी तथा शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा 'आज का सुविचार' प्रस्तुत किया जायेगा। विद्यार्थियों द्वारा प्रत्येक दिन किसी नैतिक/प्रासंगिक विषय जैसे–जीवन में मूल्यों का महत्व एवं मूल्यपरक् शिक्षा, विभिन्न मानव मूल्य यथा–चरित्र निर्माण, राष्ट्रभक्ति, समाजसेवा, कर्तव्यपरायणता, सत्यनिष्ठा आदि, महापुरुषों का जीवन चरित्र, पर्यावरण एवं जल संरक्षण, स्वास्थ्य–स्वच्छता तथा यातायात व सड़क सुरक्षा आदि पर विचार प्रस्तुत किये जाएंगे।

7. **विद्यार्थियों में स्क्रीन टाइम कम करने तथा समाचार पत्र पढ़ने की आदत को प्रोत्साहित करने के लिये प्रत्येक दिन प्रार्थना सभा में समाचार पत्र के मुख्य समाचारों को विद्यार्थियों से पढ़वाया जाए। समाचार में प्रयुक्त कुछ कठिन शब्दों का उच्चारण एवं अर्थ सहित वाक्य प्रयोग भी बताया जाय।**

8. **विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों को मोबाइल लाना पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाए तथा किशोरावस्था में मोबाइल के अत्यधिक प्रयोग से बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों यथा– आँखों की रोशनी पर प्रभाव, पढ़ाई में एकाग्रता में कमी, ऑनलाइन गेम्स की लत आदि के प्रति जागरूक किया जाए।**

9. **सप्ताह में एक दिन प्रार्थना सभा का आयोजन अंग्रेजी में किया जाए। यदि विद्यालय में कोई अन्य भाषा भी प्रचलित हो तो सप्ताह में एक दिन यथासम्भव प्रार्थना सभा उस भाषा में भी संचालित की जाए।**

10. 'नए सत्र में नया सवेरा' कार्यक्रम का आयोजन। इसके अन्तर्गत अप्रैल माह के प्रत्येक सप्ताह में दो दिन शिक्षाधिकारी विद्यालयों की प्रातःकालीन सभाओं में विद्यार्थियों से जीवन मूल्यों, अनुशासन, करियर, नियमित दिनचर्या आदि प्रासंगिक विषयों पर प्रेरक संवाद करेंगे। कार्यक्रम में यथा सम्भव विद्यालयों के पुरा छात्रों एवं विभिन्न क्षेत्रों में सफल व्यक्तियों को भी आमंत्रित किया जाए।

11. लैंगिक समानता को प्रोत्साहित करने तथा इस सम्बन्ध में जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से विद्यालयों में प्रार्थना स्थल पर लैंगिक समानता को प्रोत्साहित करने वाली लघु कथाएं, प्रेरक प्रसंग, संक्षिप्त उद्बोधन, गीत आदि गतिविधियों का आयोजन किया जाय। शनिवार को होने वाली सांस्कृतिक गतिविधियों तथा शिक्षक अभिभावक समिति की बैठक के दिन भी भाषण, लघु नाटिका, गीत आदि आयोजित किए जाएं।

12. विद्यालयों में सभी शिक्षकों को शिक्षक डायरी उपलब्ध करायी जाय जिसमें शिक्षकों द्वारा किये जाने वाले शैक्षिक व अन्य कार्यों के साथ–साथ उनकी शिक्षण योजना का भी उल्लेख हो। प्रधानाचार्यों द्वारा शिक्षक डायरी का नियमित अवलोकन भी किया जाय तथा निरीक्षण अधिकारी भी इनका अवलोकन करें।

13. विद्यार्थियों की प्रगति एवं प्रयासों के सम्बंध में फीडबैक हेतु छात्र–डायरी उपलब्ध करायी जाए।

14. प्रत्येक पक्ष में एक दिन विद्यार्थियों को करियर के प्रति जागरूक करने के लिये स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी, डॉक्टर, इंजीनियर, बैंक के अधिकारी, सेवायोजन अधिकारी, न्यायिक सेवा से जुड़े अधिकारी, उद्यमियों एवं अन्य प्रतिष्ठित महानुभावों को सम्बोधन हेतु आमंत्रित किया जाय। कक्षा 9 से 12 तक के प्रत्येक विद्यार्थी का करियर गाइडेन्स पोर्टल 'पंख' पर पंजीकरण कराया जाए।

15. **'हैण्ड्स ऑन एक्टीविटीज' एवं एक्सपीरिएन्शियल (Experiential) लर्निंग विधा जैसे वैज्ञानिक प्रयोगों, गणितीय खेलों एवं प्रयोगशाला गतिविधियों को गणित एवं विज्ञान विषय के शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में शामिल किया जाए।**

16. शैक्षणिक गतिविधियों में जीवन कौशल शिक्षा के समावेश हेतु सप्ताह में दो वादन निर्धारित किया जाना सुनिश्चित किया जाए।
17. विद्यार्थियों द्वारा लाइब्रेरी के समुचित उपयोग हेतु प्रत्येक सप्ताह में एक वादन निर्धारित किया जाना सुनिश्चित किया जाए।
18. शनिवार को छोड़कर शेष शिक्षण दिवसों में अंतिम वादन खेल–कूद एवं शारीरिक व्यायाम/योग हेतु निर्धारित किया जाए। **विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य के संवर्द्धन हेतु सप्ताह में एक दिन योग–ध्यान (मेडिटेशन) कराया जाए।**
19. NCERT पाठ्य पुस्तकें दीक्षा पोर्टल पर ई–बुक्स के रूप में, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, प्रयागराज की वेबसाइट पर लिंक के रूप में उपलब्ध हैं जहां से पुस्तकों को विद्यार्थियों द्वारा डाउनलोड किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त अन्य शिक्षण सामग्री दीक्षा पोर्टल एवं यूट्यूब पर लिंक के माध्यम से वेबसाइट पर उपलब्ध है। इसकी सूचना नोटिस बोर्ड पर लगायी जाए।
20. **प्रदेश के समस्त माध्यमिक विद्यालयों में माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मुद्रित करायी गयी पाठ्यपुस्तकों से ही पठन–पाठन का कार्य कराया जाए।**
21. **माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मुद्रित करायी गयी पाठ्यपुस्तकों की छात्र हित में उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु जनपद/मण्डल स्तर पर पुस्तक शिविर/मेले का आयोजन किया जाए।**
22. माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, प्रयागराज की वेबसाइट पर पाठ्यक्रम एवं मासिक शैक्षिक पंचांग उपलब्ध है। उक्त के अनुसार ही विद्यालयों में शिक्षण कार्य कराया जाए।
23. **डिजिटल लिट्रेसी को प्रोत्साहित करने के लिए सभी पंजीकृत विद्यार्थियों से उनकी ई–मेल आई0डी0 बनवाई जाए। नियमित पठन–पाठन, अवकाश अवधि में दिए गए गृह कार्य, पाठ्यक्रम को पूर्ण करने तथा विद्यार्थियों के आकलन हेतु स्मार्ट क्लासेज तथा सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (ICT) के अधिकाधिक प्रयोग को बढ़ावा दिया जाए। साथ ही विद्यार्थियों को ई–मेल आई0डी0 के व्यावहारिक प्रयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाए।**
24. **विद्यार्थियों को विभिन्न ऑनलाइन शैक्षणिक प्लेटफॉर्म्स यथा– खान एकेडमी, द टीचर एप, मनोदर्पण पोर्टल एवं माई करियर एडवाइजर एप की जानकारी देते हुए इनके प्रयोग हेतु प्रेरित किया जाए।**
25. छात्र–छात्राओं की विविध रूचियों व अन्तर्निहित क्षमताओं का प्रोत्साहन प्रदान करने के उद्देश्य से विद्यालय बन्द होने के बाद यथा सम्भव समर कैम्प/समर क्लासेस चलायी जाय जिसमें विद्यार्थियों को गीत, नृत्य, सिलाई, कढ़ाई, अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी वस्तुओं का निर्माण, स्थानीय/पारम्परिक खेल, हस्तशिल्प, सृजनात्मक लेखन, चित्रकला, रंगोली, खेल, नाटक आदि क्रियाकलाप विद्यालय के शिक्षकों या उपलब्ध स्थानीय प्रशिक्षक के माध्यम से सिखाए जाएं।
26. **विद्यार्थियों की समस्त परीक्षा उत्तर पुस्तिकाओं एवं ग्रीष्मावकाश गृहकार्य को विद्यालय द्वारा सुरक्षित रखा जाए। माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा निर्देशित किये जाने पर इन्हें परिषद् की वेबसाइट पर अपलोड करना होगा।**
27. प्रधानाचार्यों द्वारा यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि सभी कक्षाओं के लिए निर्धारित मासिक पाठ्यक्रम उसी माह पूर्ण कर लिया जाय।
28. प्रत्येक विषय के पाठ्यक्रम का मासिक विभाजन यूनिट्स में किया गया है। तद्नुसार पाठ्यक्रम पूर्ण करते हुए यूनिट टेस्ट का आयोजन किया जाय।
29. कक्षा–9 एवं 10 की यूनिट टेस्ट के अंक आंतरिक मूल्यांकन हेतु तथा कक्षा–11 एवं 12 के यूनिट टेस्ट उपचारात्मक शिक्षण हेतु प्रयुक्त हो।
30. अर्द्धवार्षिक परीक्षा मासिक शैक्षिक पंचांग के अनुसार सितम्बर माह तक पढ़ाये गये लगभग 60 प्रतिशत पाठ्यक्रम से ली जाए।

31. वर्तमान सत्र में कक्षा–9 एवं 10 की परीक्षा विगत सत्र की भांति ही प्रश्नपत्र के वर्तमान प्रारूप के आधार पर होगी जिसमें प्रथम भाग के प्रश्न बहुविकल्पीय और द्वितीय भाग के प्रश्न वर्णनात्मक होंगे। बहुविकल्पीय प्रश्न लिखित परीक्षा के पूर्णांक के 30 प्रतिशत अंकों के होंगे जिनका उत्तर ओ0एम0आर0 शीट पर देना होगा। वर्णनात्मक प्रश्न लिखित परीक्षा के पूर्णांक के 70 प्रतिशत अंकों के होंगे जिनका उत्तर पारम्परिक उत्तर पुस्तिका पर दिया जाएगा।

32. प्रत्येक माध्यमिक विद्यालय में प्रतिमाह शिक्षक–अभिभावक समिति की बैठक आयोजित की जाए जिसमें विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति पर अभिभावकों से विचार–विमर्श किया जाए।

33. शिक्षक विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति का सतत् मूल्यांकन करते हुए औसत से नीचे प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के आवश्यकतानुसार उपचारात्मक शिक्षण की व्यवस्था सतत् रूप से करते रहें।

34. विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर उनका स्वास्थ्य कार्ड तैयार कराया जाए।

35. छात्र–छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण व स्वास्थ्य की स्थिति से अभिभावकों को अवगत कराया जाय इसके साथ ही पाल्यों के स्वास्थ्य देखभाल, स्वच्छता, कुपोषण के दुष्प्रभावों व पौष्टिक आहार के प्रति भी उन्हें जागरूक किया जाए।

36. समाजोपयोगी उत्पादक कार्य (SUPW) के अन्तर्गत माह में एक दिन छात्र/छात्राओं से विद्यालय/कक्षा–कक्ष की साज–सज्जा, बागवानी, सामूहिक श्रमदान, साज–सज्जा की वस्तुओं का निर्माण, क्ले मॉडलिंग एवं हस्तकला से सम्बन्धित क्रिया–कलाप अवश्य कराये जाएं।

37. वर्ष मे दो बार शिक्षक–अभिभावक समिति की बैठक वाले दिन छात्र/छात्राओं द्वारा SUPW/Waste to Best के अन्तर्गत तैयार किये गये सामानों की प्रदर्शनी भी लगायी जाए।

38. प्रत्येक विद्यालय में विभिन्न क्लबों के माध्यम से छात्र–छात्राओं को विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभाग करने हेतु प्रोत्साहित किया जाए तथा क्लबों की गतिविधियों को वेबसाइट पर अपलोड किया जाए, पंजिकाओं में अभिलेखीकरण किया जाए तथा विद्यालय की पत्रिका में भी प्रमुखता से स्थान दिया जाए।

39. **विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों को इण्टरनेट के सुरक्षित उपयोग एवं साइबर अपराधों के प्रति सजग करने के लिये विद्यालय में 'साइबर क्लब' का गठन किया जाय एवं समय–समय पर उपयोगी जानकारी प्रदान करने वाली गतिविधियाँ आयोजित की जाए।**

40. खेलकूद प्रतियोगिताएं सर्वप्रथम विद्यालय स्तर पर सदनवार आयोजित की जाएं। तत्पश्चात् जनपद स्तर पर, मण्डल स्तर पर तथा राज्य स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित करायी जायें एवं प्रत्येक स्तर पर विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाए।

41. महापुरुषों की जयन्ती दिवस पर उनके जीवन एवं योगदान के विषय में चर्चा की जाए तथा निबन्ध, पोस्टर एवं वाद–विवाद प्रतियोगिता कराकर विद्यार्थियों को जागरूक किया जाए।

42. प्रत्येक माह के प्रत्येक शनिवार को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु विविध पाठ्य–सहगामी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा –

- माह के प्रथम शनिवार को सदनवार सांस्कृतिक गतिविधियों यथा नृत्य, गीत, वादन, नाटक, चित्रकला, रंगोली आदि का आयोजन किया जाए।
- द्वितीय शनिवार को सदनवार खेलकूद आधारित प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं।
- तृतीय शनिवार को साहित्यिक गतिविधियों यथा निबन्ध लेखन, भाषण, वाद–विवाद एवं सुलेख आदि का सदनवार आयोजन किया जाए।
- चतुर्थ शनिवार को किशोर संसद/सांस्कृतिक/साहित्यिक गतिविधियों पर आधारित सदनवार प्रतियोगिताएं करायी जाएं।

43. विद्यालयों की वेबसाइट पर विद्यालय की गतिविधियों को प्रदर्शित भी किया जाए।

44. सत्र के आरम्भ में प्रधानाचार्य शिक्षकों के साथ विचार–विमर्श करके कार्यकारी शनिवारों को आयोजित होने वाली गतिविधियों की समय–सारणी तैयार कर लें तथा इनसे शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को भी ससमय अवगत करा दिया जाए।

45. बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के उद्देश्य से संचालित **मिशन शक्ति अभियान** के अन्तर्गत प्रत्येक विद्यालय में **"शक्ति मंच"** का गठन किया जाए। "शक्ति मंच" की नियमित बैठक आयोजित की जाए जिसमें निम्नलिखित मुद्दों पर सृजनात्मक लेखन, डिबेट, चित्रकला, नाटक, गीत, एवं कहानी आदि के माध्यम से चर्चा की जाए–

- अपने आस–पास की उन बालिकाओं की सूची तैयार करना जिनका नामांकन स्कूल में नहीं हुआ है और साथ ही उन कारणों की सूची बनाना जिनके कारण बालिकायें विद्यालय नही आती हैं। ऐसी बालिकाओं का नामांकन कराने के लिये विद्यालय की मदद प्राप्त करना।
- बालिकाओं को विद्यालय में आ रही बाधाओं पर चर्चा तथा उसके निवारण की योजना बनाना।
- बाल एवं महिला अधिकारों पर चर्चा।
- बालिकाओं की शिक्षा के महत्व पर चर्चा।
- बालिकाओं के हितों के प्रतिकूल समाज में प्रचलित कुरीतियां तथा निदानात्मक रणनीतियाँ।
- किशोरावस्था सम्बन्धी शंकाए/जिज्ञासाएं तथा समाधान।
- आत्मरक्षा के उपायों पर चर्चा एवं अभ्यास।
- बाल अखबारों/कॉमिक्स का निर्माण।
- बच्चों को अपनी शिकायत लिखकर शिकायत पेटिका में डालने के लिए प्रेरित करना तथा माह के अन्तिम शनिवार को एस0एम0सी0 की एक महिला सदस्य के माध्यम से शिकायतों को पढ़कर उत्तर/समाधान कराना।
- बच्चों की सुरक्षा के लिये गठित हेल्पलाइन्स व इसके प्रयोग की जानकारी देना।
- बालकों में जेण्डर सेंसिटिविटी विकसित करने के सम्बन्ध में चर्चा–परिचर्चा।

46. **POCSO (Protection of Children against Sexual Offence) Act** के प्रति विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं सभी विद्यालयी स्टाफ में जागरूकता उत्पन्न करने के लिये वर्ष में कम से कम दो बार संगोष्ठी, विशेष कार्यक्रम आदि अनिवार्य रूप से आयोजित किये जाएं। साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन नं0 (1098) को विद्यालय में ऐसे प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित किया जाए जहाँ विद्यार्थी इसे नियमित रूप से देख सकें और आवश्यकता पड़ने पर प्रयोग कर सकें।

47. विद्यालयों में किशोरावस्था शिक्षा कार्यक्रम (**Adoloscence Education Programme**) के क्रियान्वयन हेतु **HIV/AIDS**, यौन संचारित रोगों, मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव, लैंगिक मुद्दों, मनोभावों के नियंत्रण, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं स्वस्थ पारस्परिक सम्बन्धों के विषय में जागरूकता कार्यक्रम समय–समय पर संचालित किये जाएं।

48. माध्यमिक कक्षाओं में अध्ययनरत छात्राओं को सुरक्षित पीरियड्स तथा इस दौरान व्यक्तिगत साफ–सफाई की आवश्यकता के सम्बन्ध में जागरूक करने के लिये वर्ष में कम से कम दो बार कार्यक्रम आयोजित किये जाएं। साथ ही विद्यालय अवधि में उन्हें आवश्यकता पड़ने पर सैनिटरी नैपकिन उपलब्ध कराने तथा प्रयुक्त नैपकिन के समुचित निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

49. विद्यार्थियों में जंक फूड के प्रति बढ़ती रूचि को नियंत्रित करने तथा उन्हें जंक फूड के शरीर पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिये जानकारी पूर्ण वीडियो दिखाए जाएं, विज्ञान क्लब या अन्य

गतिविधियों के माध्यम से जंक फूड में खतरनाक रसायनों की उपस्थिति से परिचित कराया जाए तथा विद्यार्थियों को पैकेट बंद खाद्य पदार्थों के पीछे लिखी प्रयुक्त सामग्री सूची को पढ़कर स्वास्थ्यकर एवं अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थों की पहचान करना सिखाया जाय। यथासम्भव विभिन्न पौष्टिक आहार की एक सूची बनाकर विद्यार्थियों को उसी के अनुरूप टिफिन लाने को प्रेरित किया जाय।

50. व्यावहारिक ज्ञान अर्जन में भ्रमण के महत्व को दृष्टिगत रखते हुए छात्र–छात्राओं के लिये 'शैक्षिक भ्रमण' का आयोजन किया जाय। इसके अन्तर्गत उन्हें स्थानीय/जनपद स्तर के ऐतिहासिक/भौगोलिक/सांस्कृतिक/व्यावसायिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों के भ्रमण पर ले जाया जाए।

51. संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2026 को 'अन्तर्राष्ट्रीय महिला किसान वर्ष' घोषित किया गया है। 23 दिसम्बर को 'किसान दिवस' के अवसर पर महिला कृषकों के परिश्रम एवं उपलब्धियों से विद्यार्थियों को परिचित कराया जाए।

52. **'उत्तर प्रदेश दिवस'** 24 जनवरी के अवसर पर प्रत्येक विद्यालय में प्रदेश के सामान्य ज्ञान पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का जनपद, मण्डल तथा प्रदेश स्तर पर आयोजन किया जाए।

53. **ODOP (One District One Product- एक जनपद एक उत्पाद)** के उत्पादों का दैनिक जीवन में विद्यालयों द्वारा/छात्रों द्वारा यथासम्भव प्राथमिकता/वरीयता से उपयोग किया जाय तथा जिला स्तर पर आयोजित होने वाले शिल्प मेलों व अन्य ODOP पर आधारित प्रदर्शनी का भ्रमण विद्यार्थियों को कराया जाए।

54. विद्यालयों में शिक्षण कार्य सुचारू रूप से सम्पादित किये जाने हेतु किसी भी शिक्षक अथवा प्रधानाचार्य के किसी प्रकार की शासकीय ड्यूटी पर जाने से पूर्व उनके प्रतिस्थानी की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए।

55. कक्षा–9 एवं 11 के विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षा के उपरान्त नया सत्र आरम्भ होने की पूर्वावधि में उनकी रुचि के अनुरूप भाषा, गणित, विज्ञान, कला, संगीत, सामाजिक विज्ञान आदि विषयों को समाहित करते हुए बहुविषयक दृष्टिकोण पर आधारित एक रचनात्मक प्रोजेक्ट कार्य अनिवार्य रूप से दिया जाय। उदाहरणार्थ– पढ़ी हुई पुस्तकों की तुलनात्मक समीक्षा लिखना, स्वयं कोई कहानी/कविता/नाटक आदि लिखना, भ्रमण किये हुए स्थानों का तुलनात्मक सचित्र वर्णन करना, अपने खींचे हुए चित्रों का संकलन बनाना, कोई क्रियाशील मॉडल तैयार करना, कलाकृति बनाना इत्यादि। रचनात्मक प्रोजेक्ट कार्य का चयन पूर्ण रूप से विद्यार्थियों की रुचि के अनुरूप किया जाय। सत्रारम्भ होने पर विद्यार्थी अपने रचनात्मक प्रोजेक्ट कार्य को कक्षाध्यापक/विषय अध्यापक के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा विद्यालय निरीक्षण के समय इन प्रोजेक्ट कार्यों को उनके समक्ष अवलोकन हेतु प्रस्तुत किया जाय।

नोट :– सभी विद्यालयों द्वारा वार्षिक शैक्षिक पंचांग में दिये गये समस्त निर्देशों का कड़ाई से पालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए।

# माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

## शैक्षिक सत्र– 2026–27 हेतु माहवार एकेडमिक कैलेण्डर

### माह– अप्रैल

| क्षेत्र | गतिविधियाँ |
|---|---|
| **शैक्षणिक** | • ''स्कूल चलो अभियान'' – माध्यमिक शिक्षा<br>• प्रवेशोत्सव– कक्षा–9, 10, 12 (20 अप्रैल तक)<br>• कक्षा–9, 10, 12 के विद्यार्थियों को करियर गाइडेन्स पोर्टल 'पंख' पर पंजीकृत कराया जाय।<br>• शैक्षणिक गतिविधियों में जीवन कौशल शिक्षा हेतु सप्ताह में दो वादन निर्धारित किया जाय।<br>• विद्यार्थियों द्वारा लाइब्रेरी हेतु सप्ताह में एक वादन निर्धारित किया जाय।<br>• पर्यावरण, विज्ञान, गणित, युवा क्लब, साइबर क्लब एवं मिशन शक्ति मंच का गठन किया जाय।<br>• शिक्षण कार्य आरम्भ– 1 अप्रैल से<br>• ''नये सत्र में नया सवेरा'' का आयोजन |
| **बैठकों का आयोजन** | • **अभिभावक–शिक्षक बैठक का आयोजन अप्रैल के अंतिम सप्ताह में करते हुए अभिभावकों द्वारा विद्यार्थियों के पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) हेतु विवरण की जाँच कराकर रजिस्ट्रेशन डेटा तैयार कराते हुए परिषद के पोर्टल पर अपलोड कराते रहें।**<br>• अध्यापकों को एकेडमिक कैलेण्डर एवं शैक्षिक समय सारणी उपलब्ध कराई जाए। |
| **परीक्षाएं** | • सत्र–2026–27 में की जाने वाली (मूल्यांकन) आकलन योजनाओं से अध्यापकों, अभिभावकों एवं छात्रों को अवगत कराया जाए। |
| **एक भारत श्रेष्ठ भारत** | • युग्मित राज्यों (अरूणाचल प्रदेश व मेघालय) के ऐतिहासिक एवं भौगोलिक परिदृश्य से छात्रों को परिचित कराया जाए। |
| **खेलकूद, एन.सी.सी, स्काउट गाईड आदि** | • विद्यालय स्तरीय, खेलकूद समिति का गठन किया जाए।<br>• सदनवार छात्रों का विभाजन करते हुए खेलकूद, स्काउटिंग एवं सांस्कृतिक, साहित्यिक गतिविधियों की रूपरेखा तैयार कर सदनवार टीमों का चयन किया जाए। |
| **राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय दिवसों, सप्ताहों से सम्बन्धित गतिविधियों का आयोजन** | • 7 अप्रैल– विश्व स्वास्थ्य दिवस।<br>• 14 अप्रैल अम्बेडकर जयन्ती पर गतिविधियों का आयोजन<br>• विशेष संचारी रोग नियन्त्रण तथा दस्तक अभियान (30 दिवस)<br>• सेफ सिटी परियोजना– (गृहविभाग, स्वास्थ्य चिकित्सा एवं कल्याण विभाग से समन्वय करके )<br>• सड़क सुरक्षा पखवाड़ा– 22 अप्रैल से 4 मई (परिवहन विभाग से समन्वय करके )<br>• गंगा की अविरलता एवं स्वच्छता अभियान (नमामि गंगे, जल आपूर्ति विभाग से समन्वय करके) |

# माह– मई

| क्षेत्र | गतिविधियाँ |
| --- | --- |
| **शैक्षणिक** | • प्रत्येक विद्यालय द्वारा वेबसाइट एवं सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे– फेसबुक, एक्स (x) , यू–ट्यूब आदि को विकसित किया जाय।<br>• प्रत्येक पंजीकृत विद्यार्थी की ईमेल आईडी बनवाई जाय।<br>• प्रयोगशाला सम्बन्धी उपकरणों का निरीक्षण किया जाय एवं आवश्यक उपकरणों तथा पदार्थों की पूर्ति कर ली जाय।<br>• **कक्षा–9 एवं 11 का पंजीकरण कार्य 20 मई तक पूर्ण कर लिए जाय।** |
| **परीक्षाएं** | • **विद्यार्थियों को ग्रीष्मावकाश हेतु गृह कार्य (Holiday Homework) विषयवार दिए जाएं यथा–पढ़ाए गए अध्यायों से प्रोजेक्ट कार्य, निबंध लेखन, परिभाषाएं लिखना, सूत्रों को लिखना, आंकिक प्रश्नों को हल कराना इत्यादि।** |
| **बैठकों का आयोजन** | • **अभिभावक–शिक्षक बैठक का आयोजन मई के अंतिम कार्य दिवस से पूर्व करते हुए अभिभावकों द्वारा विद्यार्थियों के पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) हेतु विवरण की जाँच कराकर रजिस्ट्रेशन डेटा तैयार कराते हुए परिषद के पोर्टल पर अपलोड कराते रहें।** |
| **एक भारत श्रेष्ठ भारत** | • युग्मित राज्यों (अरूणाचल प्रदेश व मेघालय) की आर्थिक गतिविधियों से छात्रों को परिचित कराया जाय। |
| **खेलकूद, एन.सी.सी, स्काउट गाइड आदि** | • स्काउट गाइड के दलों का पंजीकरण/नवीनीकरण किया जाय। |
| **समर कैम्प** | • समर कैम्प का आयोजन (ग्रीष्मावकाश में) |
| **राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय दिवसों, सप्ताहों से सम्बन्धित गतिविधियों का आयोजन** | • 1 मई– श्रमिक दिवस सम्बन्धी कार्यक्रम।<br>• लैंगिक समानता को प्रोत्साहित करने तथा जागरूकता उत्पन्न करने हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन।<br>• सड़क सुरक्षा पखवाड़ा– 22 अप्रैल से 4 मई (परिवहन विभाग)<br>• धरती पर बढ़ते हुए तापमान तथा पर्यावरणीय क्षरण पर आधारित पोस्टर एवं निबन्ध प्रतियोगिता (3 मई से 20 मई) |

## माह– जून

| क्षेत्र | गतिविधियाँ |
|---|---|
| **शैक्षणिक** | • ग्रीष्मावकाश |
| **समर कैम्प** | • समर कैम्प का आयोजन (जहाँ पूर्व के माह में आयोजन न हुआ हो) |
| **राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय दिवसों, सप्ताहों से सम्बन्धित गतिविधियों का आयोजन** | • **05 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ऑनलाइन/व्हाट्सअप ग्रुप के माध्यम से पोस्टर, निबंध, प्रश्नोत्तरी आदि का आयोजन।**<br>• 21 जून को **'विश्व योग दिवस'** का आयोजन। |

## माह– जुलाई

| क्षेत्र | गतिविधियाँ |
|---|---|
| **शैक्षणिक** | • निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार शिक्षण कार्य।<br>• शैक्षिक सत्र–2025–26 में कक्षा–9,10,11 एवं 12 में संस्थागत अभ्यर्थियों का प्रवेश पूर्ण।<br>• **कक्षा–10 एवं 12 हेतु विद्यार्थियों के विवरण का मिलान करने के पश्चात बोर्ड परीक्षा आवेदन प्रक्रिया पूर्ण की जाय।**<br>• **विद्यार्थियों को सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (ICT) सम्बन्धी आधारभूत प्रशिक्षण।**<br>• छात्रवृत्ति आवेदन के सम्बन्ध में छात्रों को जागरुक करना एवं आवेदन फार्म भरवाना।<br>• **कक्षा–11 के विद्यार्थियों को 'पंख' पोर्टल पर पंजीकृत करवाना।** |
| **परीक्षाएं** | • **कक्षा–9,10,11 एवं 12 हेतु प्रथम यूनिट टेस्ट का जुलाई द्वितीय सप्ताह में आयोजन जिसके अंतर्गत मई माह में दिए गए गृह कार्य का 10 अंकों में मूल्यांकन होगा तथा अप्रैल से जुलाई प्रथम सप्ताह तक पढ़ाए गए पाठ्यक्रम के आधार पर 10 अंकों की बहुविकल्पीय प्रश्न आधारित परीक्षा होगी।** |
| **बैठकों का आयोजन** | • अभिभावक शिक्षक संघ की सामान्य सभा की बैठक एवं कार्यकारिणी का चुनाव। |
| **एक भारत श्रेष्ठ भारत** | • युग्मित राज्यों (अरूणांचल प्रदेश व मेघालय) के लोकनृत्य, गीत–संगीत एवं वाद्ययंत्रों से छात्रों को परिचित कराया जाय। |
| **खेलकूद, एन.सी.सी, स्काउट गाइड आदि** | • स्काउटिंग दल का पंजीकरण। |
| **राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय दिवसों, सप्ताहों से सम्बन्धित गतिविधियों का आयोजन** | • 1 जुलाई–राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस संबंधी कार्यक्रम।<br>• विशेष संचारी रोग नियन्त्रण तथा दस्तक अभियान (चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से समन्वय करके)<br>• सड़क सुरक्षा अभियान (परिवहन विभाग से समन्वय करके)<br>• वन महोत्सव (वन विभाग से समन्वय करके)<br>• करियर काउन्सिलिंग (साइकोमेट्रिक टेस्ट) |

# माह– अगस्त

| क्षेत्र | गतिविधियाँ |
|---|---|
| शैक्षणिक | • निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार शिक्षण कार्य।<br>• **कम्पार्टमेंट/सन्निरीक्षा परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों का कक्षा–11 में पंजीकरण अगस्त तृतीय सप्ताह में कराया जाय।**<br>• सदनवार सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिताएं। |
| परीक्षाएं | • **कक्षा–9 एवं 10 हेतु प्रथम आंतरिक मूल्यांकन एवं कक्षा–9 से 12 हेतु अंतिम सप्ताह में प्रथम यूनिट टेस्ट के उपरान्त पढ़ाए गए पाठ्यक्रम के आधार पर 20 अंक की द्वितीय यूनिट टेस्ट (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) का आयोजन।**<br>• **कक्षा–10 एवं 12 के बोर्ड परीक्षा आवेदन पत्र भरवाना एवं अपने पाल्यों के रिकॉर्ड्स चेक करने के लिए अभिभावकों की बैठक आयोजित करना।**<br>• **आवेदन पत्रों को समयान्तर्गत जिला विद्यालय निरीक्षक को प्रेषित करना।** |
| विज्ञान, गणित एवं तकनीकी ज्ञान का प्रोत्साहन | • इन्स्पायर अवार्ड के अन्तर्गत प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता हेतु विद्यार्थियों की तैयारी।<br>• विज्ञान तथा गणित क्लब की गतिविधियाँ।<br>• 'इकोक्लब (पर्यावरण क्लब) की गतिविधियाँ। |
| बैठकों का आयोजन | • **अभिभावक–शिक्षक बैठक का आयोजन कराते हुए अभिभावकों द्वारा कक्षा–11 में नव प्रवेशी विद्यार्थियों के पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) हेतु विवरण की जाँच कराकर रजिस्ट्रेशन डेटा तैयार कराते हुए परिषद के पोर्टल पर अपलोड कराते रहें।** |
| एक भारत श्रेष्ठ भारत | • युग्मित राज्यों (अरूणाचल प्रदेश व मेघालय) के खान–पान, वेष–भूषा एवं आभूषण से परिचित कराया जाय। |
| खेलकूद, एन.सी.सी, स्काउट गाईड आदि | • सदनवार खेलकूद, व्यायाम एवं योग सम्बन्धी प्रतियोगिताएं। |
| राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय दिवसों, सप्ताहों से सम्बन्धित गतिविधियों का आयोजन | • 10 अगस्त– राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस,<br>• 10 अगस्त– ToFEI(Tobacco Free Educational Institutions) गाइडलाइन से छात्रों को परिचित कराना।<br>• विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस (14 अगस्त) सम्बन्धी कार्यक्रम।<br>• 15 अगस्त– स्वतंत्रता दिवस<br>• 21 अगस्त को 'विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस' सम्बन्धी कार्यक्रम।<br>• 29 अगस्त–राष्ट्रीय खेल दिवस संबंधी कार्यक्रम।<br>• शक्ति मंच सम्बन्धी कार्यक्रम। |

# माह– सितम्बर

| क्षेत्र | गतिविधियाँ |
|---|---|
| शैक्षणिक | • निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार शिक्षण कार्य।<br>• कक्षा–10 के इच्छुक छात्र–छात्राओं से राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा के आवेदन पत्र भरवाना।<br>• शैक्षिक भ्रमण (माध्यमिक शिक्षा विभाग)<br>• SUPW सम्बन्धी गतिविधियाँ (माध्यमिक शिक्षा विभाग)<br>• राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा हेतु छात्रों के मार्गदर्शन हेतु विशेष कक्षा शिक्षण की व्यवस्था। |
| परीक्षाएं | • **अर्द्धवार्षिक प्रयोगात्मक परीक्षा का आयोजन।** |
| बैठकों का आयोजन | • शिक्षक–अभिभावक बैठक का आयोजन। |
| विज्ञान, गणित एवं तकनीकी ज्ञान का प्रोत्साहन | • इन्स्पायर अवार्ड के योजनान्तर्गत जनपद में चयनित छात्रों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की तैयारी एवं प्रतिभाग कराना। |
| एक भारत श्रेष्ठ भारत | • युग्मित राज्यों की भाषा सीखने हेतु वैकल्पिक कक्षाओं का संचालन। |
| राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय दिवसों, सप्ताहों से सम्बन्धित गतिविधियों का आयोजन | • 05 सितम्बर को 'शिक्षक दिवस' के अवसर पर शिक्षकों का अभिनन्दन कार्यक्रम।<br>• डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयन्ती पर कार्यक्रम।<br>• राष्ट्रीय पोषण माह– 7 सितम्बर से 28 सितम्बर ( बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग से समन्वय करके)<br>• हिन्दी सप्ताह का आयोजन। 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस संबंधी कार्यक्रम।<br>• 24 सितम्बर को पं दीनदयाल उपाध्याय की जयन्ती पर कार्यक्रम।<br>• विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम) का आयोजन।<br>• विशेष स्वच्छता अभियान एवं 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का आयोजन।<br>• माननीय प्रधानमंत्री की 'एंटी–ओबेसिटी' कार्यक्रम आधारित गतिविधियाँ।<br>• राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत TOBACCO FREE YOUTH CAMPAIGN - (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से समन्वय करके)<br>• नशा विरोधी जागरूकता अभियान |

# माह— अक्टूबर

| क्षेत्र | गतिविधियाँ |
|---|---|
| शैक्षणिक | • समस्त कक्षाओं व विषयों के निर्धारित मासिक शैक्षिक पाठ्यक्रम को सतत शिक्षण के माध्यम से पूर्ण किया जाय।<br>• **अर्द्धवार्षिक परीक्षा से पूर्व जो विद्यार्थी लगातार अनुपस्थित हो रहे हों उन्हें प्रधानाचार्य द्वारा सूचित कर 75 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही(पत्राचार) की जाय।**<br>• विद्यालय पत्रिका के प्रकाशन हेतु विद्यार्थियों एवं अध्यापकों से लेख, कविता एवं अन्य सामग्री का आमंत्रण। |
| परीक्षाएं | • **सितम्बर माह तक लगभग 60 प्रतिशत पढ़ाये गए पाठ्यक्रम के आधार पर अर्द्धवार्षिक परीक्षा (लिखित परीक्षा) का आयोजन।** |
| एक भारत श्रेष्ठ भारत | • छात्रों के बीच युग्मित राज्यों में खेले जाने वाले खेलों पर केन्द्रित खेल स्पर्धाओं का आयोजन। |
| विज्ञान, गणित एवं तकनीकी ज्ञान का प्रोत्साहन | • विज्ञान प्रदर्शनी की जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं में विद्यालय टीम का प्रतिभाग सुनिश्चित करना।<br>• विद्यालय में विज्ञान एवं गणित मेला का आयोजन। |
| राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय दिवसों, सप्ताहों से सम्बन्धित गतिविधियों का आयोजन | • 02 अक्टूबर को गांधी जयन्ती।<br>• 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती का आयोजन (राष्ट्रीय एकता दिवस)<br>• सड़क सुरक्षा पखवाड़ा (02 अक्टूबर से 16 अक्टूबर)<br>• विश्व आयोडीन अल्पता विकार निवारण दिवस (21 अक्टूबर)<br>• Waste to Best (SUPW) के अन्तर्गत तैयार सामानों की प्रदर्शनी।<br>• विशेष संचारी रोग नियंत्रक दस्तक अभियान, स्वच्छता पखवाड़ा। |

# माह– नवम्बर

| क्षेत्र | गतिविधियाँ |
|---|---|
| शैक्षणिक | • निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार शिक्षण कार्य।<br>• अर्द्धवार्षिक परीक्षाफल को परिषद् की वेबसाइट पर अपलोड करना।<br>• अर्द्धवार्षिक परीक्षाफल के आधार पर 50 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का चिन्हांकन एवं विषयवार उपचारात्मक शिक्षण। |
| परीक्षाएं | • **कक्षा–9 से 12 हेतु अर्द्धवार्षिक परीक्षा के उपरान्त पढ़ाए गए पाठ्यक्रम के आधार पर अन्तिम सप्ताह में 20 अंक का यूनिट टेस्ट (बहुविकल्पीय प्रश्न आधारित)।**<br>• कक्षा–9 के अर्ह छात्र–छात्राओं हेतु राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा का आयोजन। |
| बैठकों का आयोजन | • परीक्षाफल को साझा करने हेतु शिक्षक–अभिभावक बैठक का आयोजन। |
| एक भारत श्रेष्ठ भारत | • युग्मित राज्यों पर प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन। |
| खेलकूद, एन.सी.सी., स्काउट, गाइड आदि। | • शारीरिक व्यायाम एवं योग सम्बन्धी गतिविधियाँ।<br>• विद्यालय / जनपदीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन। |
| राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय दिवसों, सप्ताहों से सम्बन्धित गतिविधियों का आयोजन | • 11 नवम्बर को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का आयोजन।<br>• 14 नवम्बर को बाल दिवस का आयोजन।<br>• 11 से 21 नवम्बर तक सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन(परिवहन विभाग से समन्वय करके)।<br>• शक्ति मंच सम्बन्धी गतिविधियाँ – बच्चों की सुरक्षा के लिए गठित हेल्पलाइन का प्रयोग।<br>• जेण्डर सेंस्टिविटी पर चर्चा।<br>• 14 नवम्बर को ऊर्जा संरक्षण सम्बन्धी चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन– (विद्युत विभाग से समन्वय करके।)<br>• 20 से 25 नवम्बर, जनजातीय गौरव पखवाड़ा का आयोजन।<br>• 25 नवम्बर से 10 दिसम्बर–विकसित भारत युवा संवाद पुनर्कल्पित युवा महोत्सव–2025, माय भारत पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण एवं प्रतिभाग।<br>• 26 नवम्बर– संविधान दिवस का आयोजन तथा संविधान दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालयों में संविधान शपथ ग्रहण कार्यक्रम एवं MyGov.in portal पर उपलब्ध प्रश्नोत्तरी / प्रतिज्ञा में प्रतिभाग हेतु प्रोत्साहित किया जाए तथा अन्य गतिविधियों का आयोजन। |

# माह– दिसम्बर

| क्षेत्र | गतिविधियाँ |
|---|---|
| **शैक्षणिक** | • निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार शिक्षण कार्य।<br>• द्वितीय आंतरिक मूल्यांकन/मासिक टेस्ट में 50 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त विद्यार्थियों का चिन्हांकन एवं उपचारात्मक शिक्षण।<br>• विद्यालय वार्षिकोत्सव का आयोजन। |
| **परीक्षाएं** | • **कक्षा–9 एवं 10 हेतु द्वितीय आंतरिक मूल्यांकन तथा कक्षा–9 से 12 हेतु अन्तिम सप्ताह में तृतीय यूनिट टेस्ट के उपरान्त पढ़ाए गए पाठ्यक्रम के आधार पर 20 अंक का (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) यूनिट टेस्ट।**<br>• कक्षा–8 के विद्यार्थियों से एकीकृत छात्रवृत्ति परीक्षा के सम्बन्ध में जागरुक करते हुए आवेदन भरवाना। |
| **विज्ञान, गणित एवं तकनीक को प्रोत्साहन** | • विज्ञान कांग्रेस का आयोजन। |
| **एक भारत श्रेष्ठ भारत** | • कक्षा–11 एवं 12 के विद्यार्थियों को युग्मित राज्यों की कृषि फसलों की जानकारी, विद्यालय परिसर में इसका प्रयोग। |
| **करियर काउन्सिलिंग** | • करियर मेला का आयोजन कर ICT, AI आदि आयामों से विद्यार्थियों को परिचित कराया जाए तथा विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को आमंत्रित कर करियर सम्बन्धी मार्गदर्शन (करियर काउन्सलिंग) |
| **खेलकूद, एन.सी.सी., स्काउट, गाइड आदि।** | • शारीरिक व्यायाम एवं योग सम्बन्धी गतिविधियाँ।<br>• वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन। |
| **राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय दिवसों, सप्ताहों से सम्बन्धित गतिविधियों का आयोजन** | • सड़क सुरक्षा अभियान (सड़क एवं परिवहन विभाग से से समन्वय करके)।<br>• 01 दिसम्बर–विश्व एड्स दिवस।<br>• 03 दिसम्बर –अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस।<br>• 06 दिसम्बर–बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर परिनिर्वाण दिवस।<br>• 10 दिसम्बर– अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस।<br>• 22 दिसम्बर – महान गणितज्ञ रामानुजन के जन्म दिवस का आयोजन।<br>• **23 दिसम्बर– किसान दिवस का आयोजन।**<br>• 25 दिसम्बर– भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयन्ती 'सुशासन दिवस' के रूप में आयोजित की जाए। |

## माह– जनवरी

| क्षेत्र | गतिविधियाँ |
|---|---|
| **शैक्षणिक** | • निर्धारित पाठ्यक्रम को पूर्ण कराना तथा तदुपरान्त अभ्यास कार्य प्रारम्भ कराया जाय।<br>• **वार्षिक परीक्षा से पूर्व विद्यार्थियों की 75 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाय तथा 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित न किया जाय।**<br>• बोर्ड–परीक्षा की बेहतर तैयारी के उद्देश्य से विद्यार्थियों की समस्याओं और जिज्ञासाओं के समाधान हेतु विद्यालय के शिक्षकों द्वारा व्यवस्था किया जाना।<br>• प्री–बोर्ड एवं गृह परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एवं परीक्षाफल तैयार करना।<br>• कक्षा–10 की आंतरिक मूल्यांकन परीक्षाओं के अंक परिषद की वेबसाइट पर अपलोड करना। |
| **बैठकों का आयोजन** | • प्री– बोर्ड परीक्षा के उपरान्त शिक्षक–अभिभावक बैठक का आयोजन। |
| **परीक्षाएं** | • **कक्षा–12 की प्री–बोर्ड प्रयोगात्मक परीक्षा का आयोजन।**<br>• **कक्षा–10 एवं 12 की प्री–बोर्ड (लिखित) परीक्षा।**<br>• **कक्षा–12 (बोर्ड) की प्रयोगात्मक परीक्षा का आयोजन।** |
| **एक भारत श्रेष्ठ भारत** | • युग्मित राज्यों की पोशाक पर आधारित फैशन शो का आयोजन। |
| **राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय दिवसों, सप्ताहों से सम्बन्धित गतिविधियों का आयोजन** | • 12 जनवरी को 'राष्ट्रीय युवा दिवस' का आयोजन।<br>• 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन।<br>• 25 जनवरी को मतदाता दिवस का आयोजन।<br>• 26 जनवरी को 'गणतन्त्र दिवस' का आयोजन।<br>• 30 जनवरी को 'शहीद दिवस' का आयोजन।<br>• सामूहिक परिचर्चा–किशोर संसद का आयोजन। (माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश)<br>• राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम–(चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से समन्वय करके।)<br>• राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह। (सड़क एवं परिवहन विभाग से समन्वय करके)। |

## माह— फरवरी

| क्षेत्र | गतिविधियाँ |
|---|---|
| शैक्षणिक | • पाठ्यक्रम की पुनरावृत्ति एवं अभ्यास कार्य।<br>• कक्षा–10 एवं 12 की प्री–बोर्ड परीक्षाओं के अंक परिषद की वेबसाइट पर अपलोड करना।<br>• परिषदीय परीक्षा हेतु छात्र/छात्राओं को प्रवेश पत्र उपलब्ध कराना। |
| परीक्षाएं | • **कक्षा–9 एवं 11 की वार्षिक परीक्षाओं का आयोजन।**<br>• कक्षा– 12 बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षाओं का आयोजन।<br>• शासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार बोर्ड परीक्षा की तैयारी।<br>• बोर्ड परीक्षा–2027 का आयोजन। |
| राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय दिवसों, सप्ताहों से सम्बन्धित गतिविधियों का आयोजन | • 10 फरवरी— **'डी–वर्मिंग डे'** का स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयोजन।<br>• 28 फरवरी— **'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस'** के अवसर पर कक्षा–9 एवं 11 के छात्रों के साथ विभिन्न गतिविधियों का आयोजन। (बोर्ड परीक्षा के दृष्टिगत ऑफलाइन सम्भव न होने पर ऑनलाइन कराया जा सकता है।) |

## माह— मार्च

| क्षेत्र | गतिविधियाँ |
|---|---|
| शैक्षणिक | • पूर्व सत्र के कार्यो का विद्यालय स्तर पर समीक्षा तथा आगामी सत्र के प्रवेश एवं शैक्षणिक कार्यों की तैयारी।<br>• विद्यालय समय–सारणी एवं विभिन्न समितियों का गठन।<br>• **विद्यालय पत्रिका का प्रकाशन।** |
| परीक्षाएं | • कक्षा–9 एवं 11 की गृह परीक्षा के परीक्षाफल की घोषणा।<br>• बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन।<br>• **कक्षा–9 एवं 11 की वार्षिक परीक्षाओं के अंक परिषद की वेबसाइट पर अपलोड करना।** |
| राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय दिवसों, सप्ताहों से सम्बन्धित गतिविधियों का आयोजन | • 8 मार्च— विश्व महिला दिवस<br>• 23 मार्च शहीद दिवस<br>• राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम–(चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से समन्वय करके।) |